Title : Need to construct road bridges at Raunahi-Magrasi in district Faizabad & at Dhemwaghat in district Gonda, Uttar Pradesh.

श्री बृजभूषण शरण सिंह (कैसरगंज): उत्तरप्रदेश में लखनऊ - गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण राजमार्ग है, जो आगे चलकर बिहार और असम राज्यों को जोड़ता है। परिवहन के साथ-साथ उसका सामरिक महत्व भी है। यह मार्ग अनेक धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों को भी जोड़ता है। परन्तु अयोध्या में आये दिन होने वाले धरना प्रदर्शनों, हंगामों तथा विभिन्न अवसरों पर श्रद्धालुओं की होने वाली भारी भीड़ के कारण घंटों जाम लग जाता है, जिससे यात्रियों को अपार कÂष्ट झेलना पड़ता है। इससे निजात दिलाने के उद्देश्य से ही फैजाबाद जनपद के रौनाही-मगरसी (सोहावल बाजार) तथा गोंडा जनपद के कटरा लकड़मंडी के मध्य ढेमवाघाट पर सड़क पुल के निर्माण का सर्वेक्षण कराया गया था जिसकी प्राक्कलन रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई थी, परन्तु अभी तक पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। पुल के तैयार होने जाने से इस मार्ग की दूरी 60 कि0मी0 कम हो जायेगी, जिससे सवारियों को जाम से छुटकारा मिलने के साथ ही समय और ईंधन की भ बचत होगी।

मैं इस मान्य सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वह जनहित में इस सड़क पुल का तत्काल निर्माण कराये।